दैनिक न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, बुधवार 09 अक्टूबर 2024
www.nyaysakshi.com


# खाद्य विभाग ई-केवाईसी में लाए तेजी-कलेक्टर गोयल
# ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण

- लक्ष्य सुनिश्चित कर पीएम आवास के कार्यों में लाए प्रगति
- केसीसी निर्माण में तेजी लाने कलेक्टर गोयल ने दिए निर्देश
- कलेक्टर गोयल ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक





रायगढ़

जिले में ई-केवाईसी की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। जिसमें खरसिया शहरी द्वारा ई-केवाईसी पर कार्य नहीं किया गया है, इसी प्रकार अन्य स्थानों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। सभी एसडीएम ई-केवाईसी की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति लाए। साथ ही सीएमओ, जनपद सीईओ एवं एवं खाद्य विभाग लक्ष्य बनाकर कार्य करें। उक्त बातें आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा। इस दौरान उन्होंने पीडीएस बारदानें जमा करने के स्थिति की भी जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने नियमित रूप से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने केसीसी निर्माण के संबंध में कहा कि लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति धीमी है। उन्होंने कृषि विभाग, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभाग को केसीसी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर गोयल ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को समितियों से जोडऩे का कार्य किया जाना है, ताकि लोगों को आर्थिक रूप से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में उपलब्ध गोदामों एवं उनकी क्षमता की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने जल जीवन मिशन के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि बारिश समाप्त होने वाली है, सभी निर्माण कार्य तेजी से होने चाहिए। ओवरहेड टैंक और पाइप बिछाने के प्रगतिरत काम को तेजी से पूरा करें। उन्होंने खम्हारपाकुट के इंटकवेल प्रोजेक्ट के माध्यम से लैलूंगा नगरीय निकाय में पानी सप्लाई परियोजना के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने कार्य के प्रगति हेतु एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी वाटर बॉडीज की ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री की जानकारी लेते हुए एंट्री के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने पीएम आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम आवास शहरी की प्रगति धीमी है। उन्होंने सभी सीएमओ को लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि लक्ष्य पूर्ण किया जा सके। इसी तरह पीएम आवास ग्रामीण के लिए सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि स्वीकृत पुराने एवं नए आवास की जानकारी उपलब्ध कराए। कलेक्टर गोयल ने जिले में ब्लड उपलब्धता को लेकर स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले के ब्लड बैंक में उपलब्ध ब्लड डैश बोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन दिखे, इसके लिए उन्होंने आवश्यक कार्य करें। उन्होंने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण अनुदान के संबंध में जानकारी लेते हुए जिला रोजगार अधिकारी को उच्च शिक्षा संस्थान से समन्वय कर संस्थावार स्वीकृत एवं रिजेक्ट आवेदन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही अग्निवीर के रेसीडेंस ट्रेनिंग हेतु पुलिस विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला परिवहन एवं पर्यावरण अधिकारी को बिना तारपोलिन ढके वाहनों पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने श्रम विभाग को श्रमिकों एवं विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा भी की।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों को साईबर सुरक्षा की जानकारी देकर दिलाई शपथ

कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आज जिला स्तरीय अधिकारियों को साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने साईबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से साईबर जनजागरूकता पखवाड़ा का आयोजन कर रही है। जिसका उद्देश्य साईबर फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि आप समाज में महत्वपूर्ण स्थान रखते है, ऐसे में आपका जागरुक होना अति आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने कॉल फॉरवर्ड, पार्सल फ्रॉड, अनजान वीडियो कॉल, ट्रेडिंग स्कैमए ऑनलाइन लोन जैसे विभिन्न साईबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इससे बचने के उपाय के बारे में बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया एकाउंट को लॉक रखने, एटीएम एवं व्यक्तिगत जानकारी देने से बचने जैसे विभिन्न सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फ्रॉड से बचने के लिए आपको जागरुक होना जरूरी है। धोखाधड़ी होने पर डरे नहीं, आप अपराधी नहीं हो, ऐसी स्थिति में अपने नजदीकी थाना में तत्काल सूचित करें। या साईबर सेल अथवा राष्ट्रीय साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 या व्हाट्स-अप नंबर 94792-81934 पर सूचना दे सकते है। इस दौरान सभी अधिकारियों ने साईबर सुरक्षा की शपथ भी ली।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 21 अक्टूबर तक मंगाए गए दावा-आपत्ति आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र कोसाबाड़ी लाखा, तारापुर, औंराभांठा, बरझरिया ग्रा.पं.बंगुरसिया में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए छ.ग. शासन के भर्ती नियम निर्देश के तहत आवेदन पत्र मंगाए गए थे। मूल्यांकन समिति की बैठक में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक परिशिष्ठ-4 में प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के कार्यालय में 21 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

### टीडीएस जागरूकता कार्यक्रम 17 अक्टूबर को

**रायगढ़।** आयकर विभाग, बिलासपुर की टी.डी.एस. शाखा, द्वारा रायगढ़ के सभी डीडीओ, अकाउंटेंट तथा कर्मचारियों को आयकर टीडीएस के प्रति जागरूक करने हेतु कलेक्टोरेट के सृजन कक्ष में 17 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे टीडीएस अवरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें टीडीएस से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी ताकि टीडीएस से संबंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अब बढ़ेगी ठंड, छत्तीसगढ़ से लौट रहा मानसून 15 से राते होंगी सर्द

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई लगभग हो चुकी है। प्रदेश में कुछ जिलों को छोड़ दें तो अधिकतर हिस्सों में बारिश नहीं हो रही है। हालांकि इस बीच तापमान बढ़ा है और लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं। बंद हो चुके कूलर फिर से शुरू हो गए। इस बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। छत्तीसगढ़ में 15 अक्टूबर से राते सर्द हो जाएंगी। इसके बाद धीरे धीरे तापमान घटेगा और ठंड बढ़ेगी।

## चरित्र संदेह में पत्नी पर टंगिया से हमला, आरोपी पति गिरफ्तार

रायगढ़



खरसिया थाना क्षेत्र के जोबी चौकी में दिनांक 05-10-24 को घरेलू हिंसा की गंभीर घटना सामने आई, जिसमें पति ने पत्नी पर टंगिया से जानलेवा हमला किया। रिपोर्टकर्ता बाबुलाल धनवार (उम्र 40 वर्ष) निवासी ग्राम अगासमार ने पुलिस चौकी जोबी में सूचना दी कि उसके गांव के श्याम कुमार धनवार ने अपनी पत्नी सुशीला धनवार के चरित्र पर संदेह करते हुए टंगिया से गर्दन पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, घटना रात्रि करीब 03-04 बजे की है, जब शोर सुनकर सुशीला का ससुर जगतराम बीच-बचाव करने आया, लेकिन श्याम कुमार ने उसे भी जान से मारने की धमकी दी और उसके सिर पर टंगिया से हमला कर दिया। इस बीच श्याम कुमार खुद भी घायल हो गया और फिर जंगल की ओर भाग गया। घायल सुशीला को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता की रिपोर्ट पर चौकी जोबी, थाना खरसिया में आरोपी श्याम धनवार पर अप.क्र. 602/2024 धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चौकी प्रभारी एएसआई आशिक रात्रे द्वारा मामले की जांच शुरू की गई और घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठा किए गए। फरार आरोपी श्याम कुमार धनवार (उम्र 38 वर्ष) को पुलिस ने घेराबंदी कर जंगल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को दूसरे ही दिन रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## पावर प्लांट में सप्लाई क्वालिटी कोयले की बिक्री कर डस्ट कोयला प्लांट में पहुंचाने का हुआ खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर पुसौर थाना क्षेत्र में अडानी पावर प्लांट छोटे भण्डार में कोयला मिलावट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की, जिसमें सिक्युरिटी कर्मचारी धर्मेन्द्र पाठक की शिकायत पर पुसौर पुलिस ने मिलावट के खेल में शामिल दो ड्रायवर और दो ट्रक मालिकों को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत के अनुसार, कुसमुंडा कोरबा एरिया से आने वाले कोयले को ट्रक ड्रायवरों ने अपने मालिकों के साथ मिलकर डिपो में अनलोड कर अच्छी क्वालिटी के कोयले को बेचा और मिलावट किए गए डस्ट कोयले को अडानी प्लांट में पहुंचाया।

घटना की जानकारी के मुताबिक, ट्रक क्रमांक सीजी 15 ए.सी. 4037 (वजन 31.270 टन) और सीजी 12 बी.पी. 8610 (वजन 37.450 टन) से कोयला लाया जा रहा था। ट्रक ड्रायवर बबलू नितिन लकड़ा और श्रवण कुमार ने अपने ट्रक मालिकों ओमी साहू और यश शुक्ला के कहने पर उरगा (कोरबा) के पास जीपीएस डिवाइस निकालकर कार में लगा लिया और अच्छे क्वालिटी के कोयले को कोयला डिपो चांपा में बेचकर मिलावट वाला कोयला प्लांट में पहुंचा दिया। सिक्युरिटी जांच के दौरान यह घोटाला पकड़ा गया, जिसमें ड्रायवरों ने कबूल किया कि उन्होंने अपने मालिकों के निर्देश पर यह मिलावट की। आरोपियों के विरुद्ध थाना पुसौर में अप.क्र. 239/2024 धारा 316(3), 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर पुसौर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्हें पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

**गिरफ्तार आरोपी:** 1. श्रवण कुमार पिता बाबूराम भुइयां उम्र 22 वर्ष निवासी चाटीन पो. थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड

2. बब्लू नितिन लकड़ा पिता ज्योति लकड़ा उम्र 28 वर्ष निवासी दीपिका वार्ड क्रमांक 11 शांति नगर कोरबा

3. ओमी साहू पिता खेमलाल साहू उम्र 26 वर्ष निवासी रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा चौकी मानिकपुर जिला कोरबा

4. यश शुक्ला पिता शैलेन्द्र शुक्ला उम्र 23 वर्ष निवासी चकरभाठा, थाना चकरभाठा, जिला बिलासपुर, वर्तमान में सीएसईबी कॉलोनी, चौकी सीएसईबी, थाना कोतवाली कोरबा, जिला कोरबा

## रायगढ़ शहर के तीन कबाड़ गोदामों पर पुलिस की छापेमारी, स्क्रैप और आयरन पैलेट लोडेड 11 वाहन जब्त

रायगढ़



शाम थाना कोतवाली एवं थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत तीन कबाड़ गोदामों पर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि इन गोदामों में अवैध रूप से स्क्रैप और खनिज पदार्थों का भंडारण किया जा रहा है।

सूचना के आधार पर उड़ीसा रोड गढ़उमरिया, इंदिरा नगर जोगीडीपा, और ग्राम लाखा के कबाड़ गोदामों पर कार्रवाई की गई।

**उड़ीसा रोड गढ़उमरिया कबाड़ गोदाम पर छापा:**

जूटमिल पुलिस के साथ अधिकारियों ने उड़ीसा रोड गढउमरिया स्थित कबाड़ गोदाम में दो प्राइवेट गार्ड मिले। गार्ड ने गोदाम को नाजिम अली का होना बताया। गोदाम परिसर के पास खड़े दो ट्रेलर में स्पंज आयरन (पायलट गोली), दो माजदा वाहन तथा 6 ट्रक (फुल डाला) में विभिन्न प्रकार के स्क्रेप जिसमें तार के टुकड़े, लोहे के कबाड़ लोड मिला। गोदाम में मौजूद व्यक्तियों ने वाहनों में लोड स्क्रैप के संबंध में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर जूटमिल पुलिस ने 10 वाहनों को मय लगभग 200 टन कबाड के साथ कब्जे में लेकर पुलिस लाइन लाकर खड़ी किया गया है, संबंधित वाहन मालिक को दस्तावेज के साथ तलब किया गया है। वहीं गोदाम के संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

**इंदिरा नगर जोगीडीपा कबाड़ गोदाम:**

कोतवाली पुलिस ने इंदिरा नगर जोगीडीपा स्थित मो0 आरिफ के कबाड़ गोदाम में छापेमारी दौरान मो. आरिफ पिता हुसैन मोहम्मद मौजूद था। गोदाम के पास खड़ी एक पिकअप वाहन में स्क्रैप मिला, वाहन में ड्राइवर पिंटू यादव बैठा था, कबाड़ के संबंध में मोहम्मद आरिफ तथा ड्राइवर पिंटू यादव द्वारा कोई उपयुक्त जवाब नहीं दिए जाने पर पुलिस ने कबाड़ की मय पिकअप वाहन जप्ती की। जप्त अवैध कबाड़ का वजन करीब 1,500 किलो है, गोदाम संचालक मो0 आरिफ एवं वाहन चालक पिंटु यादव पर धारा 35(1)(E) बीएनएसएस/303 बीएनएस के तहत कार्यवाही किया गया है।

**रायगढ़-पूंजीपथरा लाखा कबाड़ गोदाम :**

कोतवाली पुलिस ने रायगढ़-पूंजीपथरा रोड लाखा स्थित कबाड़ के गोदाम पर छापेमारी की, जहां मौजूद मिले कर्मचारी ने गोदाम को सत्येंद्र विश्वकर्मा का होना बताया , सत्येंद्र विश्वकर्मा फरार है। पुलिस ने गोदाम पर नोटिस चस्पा कर कबाड़ गोदाम से करीब 2 टन 650 किलो कबाड़ की जप्ती की गई।

गोदाम संचालकों को नोटिस जारी कर दस्तावेजों सहित थाने तलब किया गया है। नोटिस के समयावधि में कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता, तो पुलिस वैधानिक कार्रवाई करेगी।

### तमनार पुलिस की शराब रेड कार्यवाई

## 75 लीटर अवैध शराब महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़



रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने कार्रवाई के दौरान अवैध शराब तस्करी पर शिकंजा कसा गया। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर के नेतृत्व में गोहरीडीपा इलाके में शराब रेड कर एक आरोपी को तमनार पुलिस ने गिरफ्तार किया। तमनार पुलिस पेट्रोलिंग स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति महुआ शराब की अवैध बिक्री के लिए गोहरीडीपा नदी की ओर से आ रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी करते हुए संदेही को पकड़ा।

आरोपी की पहचान सूरज पटनायक (उम्र 23 वर्ष) निवासी बस स्टैंड, तमनार के रूप में हुई। उसके पास से एक जरीकेन में 5 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि पास के महुआ पेड़ के पास और शराब छिपाई हुई है। पुलिस ने मौके से कुल 75 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 7500 रुपए है, जब्त कर ली। आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में धारा 34-2, 59-क आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड में प्रधान आरक्षक संतोष कुमार कुर्रे, आरक्षक भीष्मदेव सागर, पुरुषोत्तम सिदार और अनूप मिंज की सक्रिय भूमिका रही।

## 135 लीटर महुआ शराब एवं 760 किलोग्राम महुआ लाहन पकड़ाया

- आबकारी विभाग की अवैध महुआ शराब पर कार्यवाही

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल द्वारा सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा को अवैध शराब के भंडारण, परिवहन पर लगातार कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर वृत्त-घरघोड़ा आबकारी उपनिरीक्षक संतोष नारंग एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम-बिलासखार थाना-पूँजीपथरा, जंगल में कुरकुट नदी किनारे पहुँचकर भारी मात्रा में महुआ शराब एवं महुआ लाहन पकड़ा।

जिसमें चार प्लास्टिक डिब्बा में प्रत्येक में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर महुआ शराब, एक जरिकेन में 5 लीटर महुआ शराब, एक प्लास्टिक डिब्बा में भरी 20 लीटर महुआ शराब, एक एल्युमीनियम बर्तन में 50 लीटर महुआ शराब इस तरह कुल 135 लीटर महुआ शराब जप्त किए। जिसका बाजार मूल्य-27000 है। इसी तरह 19 प्लास्टिक बोरियों जिसमें 40-40 किलो ग्राम कुल-760 किलोग्राम महुआ लाहन जिसका बाजार 38000 है। इस तरह कुल जप्त सामग्री का मूल्य 65000 एवं मदिरा बनाने के बर्तन बरामद किया जाकर परिवहन योग्य ना होने के कारण मौके पर नस्ट किया गया। मौके पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आब.अधिनियम के तहत गैर जमानतीय धाराओं में प्रकरण कायम किया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक जितेश नायक, आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, लाकेश नेताम, राजेश्वर सिंह ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, भेखराम पटेल और वाहन चालक वेदराम साहू का योगदान रहा।

## साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा 2024 के तहत रायगढ़ कलेक्टोरेट, डिग्री कॉलेज और एसईसीएल मुख्यालय में साइबर सुरक्षा कार्यक्रमों का सफल आयोजन

- "बैक-टू-बैक अवेयरनेस अभियान में एसपी दिव्यांग पटेल, डीएसपी अभिनव उपाध्याय और साइबर सेल व लायंस क्लब दिव्य ऊर्जा की टीम का सक्रिय योगदान"

रायगढ़

साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा 2024 के तीसरे दिन पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार के मार्गदर्शन में जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आम जनता, छात्रों, अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के उपाय बताना था।

दिन की शुरुआत कलेक्टोरेट में टीएल मीटिंग के दौरान साइबर जागरूकता कार्यक्रम से हुई, जहाँ डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सभी उपस्थित लोगों ने साइबर सुरक्षा की शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

दोपहर में लायंस क्लब दिव्य ऊर्जा रायगढ़ के सहयोग से कला और विज्ञान महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने छात्रों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते खतरों पर विशेष ध्यान देते हुए, छात्रों को अनजान व्यक्तियों से संपर्क न करने, निजी फोटो और वीडियो साझा न करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में भी सभी ने साइबर सुरक्षा की शपथ ली।

शाम को एसईसीएल रायगढ़ मुख्यालय में साइबर अवेयरनेस पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार और डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। दिव्यांग कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है और साइबर ठग नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने लोगों को साइबर अपराधों से सचेत रहने और रायगढ़ पुलिस के अभियान से जुड़ने की अपील की। साथ ही, #Cyber_subah के माध्यम से प्रतिदिन भेजे जाने वाले जागरूकता संदेशों और रील्स को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड जैसे साइबर अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन, यूपीआई फ्रॉड, और शेयर मार्केटिंग फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ठगी की सूचना तत्काल साइबर सेल के हेल्पलाइन नंबर 1930 या व्हाट्सएप नंबर 9479281934 पर दी जा सकती है।

कार्यक्रम के अंत में, एसईसीएल के प्रबंधक हेमंत शरद पांडे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार और डीएसपी अभिनव उपाध्याय को सम्मानित किया। इसके साथ ही, एसईसीएल मुख्यालय में साइबर जागरूकता के प्रचार के लिए एक सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गया, जहाँ अधिकारियों ने अपनी सेल्फी लेकर जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। आज रात्रि एक और साइबर जागरूकता कार्यक्रम रामलीला मैदान में भी साइबर सेल और एनजीओ दिव्य शक्ति की टीम द्वारा आयोजित किया जावेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480